# <u>राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र में ट्रेड प्रशिक्षुता हेतु अंतिम योग्यता सूची</u>

संदर्भ / विज्ञापन संख्या: **RRCAT-2/2023, दिनांक: 24/07/2023**

## <u>महत्वपूर्ण निर्देश :</u>

1) आर.आर.सी.ए.टी. में ट्रेड अप्रेंटिसशिप के लिए 'अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों' की अंतिम सूची घोषित कर दी गई है।
2) सूची में दिए गए अभ्यर्थियों ने उनके द्वारा चुने हुए समय स्लॉट पर दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा जाँच प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सहमति दी है। अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से निम्नलिखित मूल दस्तावेजों एवं इनकी फोटोकॉपी और पासपोर्ट आकार की फ़ोटो के साथ चुने हुए समय स्लॉट में आर.आर.सी.ए.टी., इंदौर में भौतिक दस्तावेज सत्यापन हेतु सुबह 10:00 बजे उपस्थित होना है:
   - क) 10 वीं बोर्ड जाँच की अंकसूची तथा प्रमाण-पत्र
   - ख) आई.टी.आई. की अंकसूची तथा प्रमाण-पत्र
   - ग) जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
   - घ) विकलांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)
   - ङ) आधार कार्ड
   - च) आधार कार्ड पर उल्लिखित पते का पुलिस सत्यापन का प्रमाण-पत्र
   - छ) बचत बैंक खाता संख्या तथा पास-बुक
   - ज) राष्ट्रीय प्रशिक्षुता पोर्टल पर आपके बने हुए प्रोफ़ाइल के दृश्य की हार्ड कॉपी
   - झ) ऑनलाइन आवेदन पत्र की कागजी प्रतिलिपि (हार्ड कॉपी)
   - ञ) उपरोक्त सभी दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित फोटोकॉपी
   - ट) हाल ही में ली गयीं पासपोर्ट आकार वाली दो फोटो ।
3) अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच उनके दस्तावेज सही पाए जाने के तुरंत बाद शुरू की जाएगी।
4) सभी अभ्यर्थी अपने आधार कार्ड पर उल्लिखित पते का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को तुरंत शुरू कर दें। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यह एक अनिवार्य दस्तावेज है।
5) अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे आर.आर.सी.ए.टी. में दस्तावेज़ सत्यापन और प्रशिक्षुता से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देशों और सूचनाओं के लिए नियमित रूप से अपने ईमेल को देखते रहें।
6) किसी भी कठिनाई या प्रश्नों के लिए, **अभ्यर्थी** आवेदन में दिया गए अपने ईमेल से अपने प्रश्न **<u>tasar@rrcat.gov.in</u>** पर भेज सकते हैं। कृपया अपने प्रश्नों के साथ अपना नाम और मोबाइल नंबर अवश्य दें।
7) **'अभ्यर्थी'** जो पुष्टि के पश्चात भी दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा जाँच के लिए नहीं आना चाहते हैं, वह अपना निर्णय ईमेल द्वारा **<u>tasar@rrcat.gov.in</u>** पर निम्नलिखित प्रारूप में अवश्य भेज दें:

   *मैंने आर.आर.सी.ए.टी., इंदौर में प्रशिक्षुता (तसर-2023) में शामिल होने के लिए, दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा जाँच प्रक्रिया में उपस्थित रहने की पुष्टि की है, परंतु निम्नलिखित कारणों से मैं आपसे मेरी अभ्यर्थिता रद्द करने का आग्रह करता हूँ:*
   *अभ्यर्थिता रद्द करवाने का कारण:* ..........................................................................................
   *नाम:* ..........................................................................................
   *मोबाइल:* ..........................................................................................
   *आवेदन संख्या:* ..........................................................................................

8) जो **'अभ्यर्थी'** चुने हुए समय स्लॉट के भीतर दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सा जाँच के लिए आर.आर.सी.ए.टी. में रिपोर्ट नहीं करते हैं, उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। आर.आर.सी.ए.टी.

योग्यता के आधार पर उचित मामलों में देर से शामिल होने की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

9) यदि सभी रिक्तियाँ भरी न जा सकीं तो निम्नलिखित स्थितियों में प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों को प्रशिक्षुता बैच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा-
   क) अभ्यर्थिता वापस लेना, या
   ख) अगर कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने पहले प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है लेकिन 01/12/2023 को आर.आर.सी.ए.टी. में नहीं आये।

10) यदि आवश्यक हुआ तो, बाद की तारीख में शामिल होने के लिए एक नई पूरक योग्यता सूची आर.आर.सी.ए.टी. वेबसाइट पर घोषित की जा सकती है। पूरक योग्यता सूची में अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि इच्छुक आवेदक कृपया 31/01/2024 तक नियमित रूप से अपना ईमेल और आर.आर.सी.ए.टी. वेबसाइट देखते रहें।

11) आवेदकों के अभिलेख, परिणाम के प्रकाशन की तिथि से 6 महीने से अधिक नहीं रखे जाएंगे।

12) जबकि परिणाम तैयार करने में हर संभव सावधानी बरती गई है, आर.आर.सी.ए.टी. त्रुटियों और चूक (यदि कोई हो) को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

---

## Final Merit list for trade Apperenticeship at RRCAT

Ref.: **Advertisement No. RRCAT-2/2023 dated 24/07/2023**

**Important Instructions:**

1) Final list of 'Provisionally Selected Candidates' for trade Apprenticeship at RRCAT have been declared.
2) The **'Candidates',** who have confirmed to report for document verification and medical examination process during their chosen time slot, shall personally be present at 10:00 am for physical document verification at RRCAT, Indore with following original documents, photocopies and passport size photographs:
   a) 10th standard board examination mark sheet and certificate
   b) ITI mark sheet and Certificate
   c) Caste certificate (if applicable)
   d) Disability certificate (if applicable)
   e) Aadhaar card
   f) Police verification certificate of address mentioned on the Aadhaar card.
   g) Savings Bank Account Number and Pass book
   h) Hard copy of the view of your created profile on the National Apprenticeship Portal.
   i) Hard copy of online application form
   j) Self-attested photocopies of all above mentioned documents
   k) Two recent passport size photographs.
3) The medical examination process of the **'candidates'** will be initiated immediately after their documents are found to be in order.
4) **'Candidates'** shall immediately start tracking the process of getting their police verification certificate of address mentioned on their Aadhaar cards. This is a mandatory document for joining the programme.
5) **'Candidates'** are requested to regularly check their registered emails for important instructions and information related to document verification and apprenticeship at RRCAT.

6) In case of any difficulty, **'Candidates'** may send their queries to tasar@rrcat.gov.in from their registered emails. **Please give your name and registered mobile number along with your queries.**

7) **'Candidates'** who do not intend to come for document verification and medical examination even after confirmation, must send their decision by email to tasar@rrcat.gov.in in following format:

| |
|---|
| ***I have confirmed to report for document verification and medical examination process for joining apprenticeship(TASAR-2023) at RRCAT, Indore but due to following reason I request you to cancel my candidature:*** |
| ***Reason for cancellation of candidature: ……………………………. ………………………*** |
| ***Name: ……………………………………………………………………………………………*** |
| ***Mobile No.: ……………………………………………………………………………………*** |
| ***Application No.: ………………………………………………………………………………*** |

8) **'Candidates'** who do not report at RRCAT for document verification and medical examination within the chosen time slot, their candidature will be cancelled. RRCAT reserves the right to permit late joining in deserving cases on merit of the case.

9) 'Provisionally waitlisted candidates' (declared in the first merit list), who have not been selected in the final merit list, may be called for joining the apprenticeship batch in case vacancies arises due to (i) withdrawal of candidature or (ii) if some of the 'Candidates', who have accepted the offer earlier but do not report at RRCAT, Indore on 01/12/2023.

10) If necessary, a new supplementary merit list may also be declared on RRCAT website for joining at a later date. Candidates in the supplementary merit list will be intimated through email. Hence it is suggested that please keep checking your email and RRCAT website regularly till 31/01/2024.

11) Records of the applicants shall not be preserved beyond 6 months from the date of publication of result.

12) While every care has been taken in preparing the result, RRCAT reserves the right to rectify errors and omissions (if any).

18/09/2023

भुपिन्दर सिंह
सदस्य सचिव
प्रशिक्षुता योजना समन्वय समिति
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र
इन्दौर-452013

18/09/2023

अभय कुमार
अध्यक्ष
प्रशिक्षुता योजना समन्वय समिति
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र
इन्दौर-452013